# विज्ञापन सं.सीपीआरआई/06/2025

केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई) विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान है जो विद्युत आपूर्ति प्रणालियों के उत्पादन, पारेषण, वितरण एवं प्रचालन के क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास में कार्यरत है। सीपीआरआई, गुणता आश्वासन में तथा उत्पाद के विकास में वैद्युत उद्योग की सहायता करने हेतु विद्युत शक्ति इंजीनियरी में अनुप्रयुक्त अनुसंधान आरंभ करने तथा समन्वित करने के लिए एक शीर्ष निकाय के तौर पर कार्यरत है। सीपीआरआई विद्युत उपकरण के परीक्षण एवं प्रमाणीकरण हेतु एक स्वतंत्र प्राधिकरण के तौर पर भी सेवारत है। सीपीआरआई का प्रधान कार्यालय बेंगलूर में स्थित है तथा इसके एकक भोपाल, हैदराबाद, नागपुर, नासिक, नोएडा, कोलकाता, गुवाहाटी तथा रायपुर में स्थित हैं।

सीपीआरआई भारत में विभिन्न स्थानों के लिए निम्नलिखित पदों की रिक्तियों को भरने के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

पद की रिक्तियों का वर्गवार ब्रेक-अप निम्नानुसार है:

<table>
<tr><th rowspan="2">क्रम सं.</th><th rowspan="2">पद का नाम</th><th colspan="6">वर्ग एवं रिक्तियों की संख्या</th></tr>
<tr><th>अना</th><th>अनु.जा</th><th>अ ज जा</th><th>अ.पि.व (एनसीएल)</th><th>ई डब्ल्यू एस</th><th>कुल</th></tr>
<tr><td>1(ए)</td><td>वैज्ञानिक सहायक</td><td rowspan="2">7</td><td rowspan="2">-</td><td rowspan="2">-</td><td rowspan="2">-</td><td rowspan="2">5</td><td>4</td></tr>
<tr><td>1(बी)</td><td>इंजीनियरी सहायक</td><td>8</td></tr>
<tr><td>2</td><td>तकनीशियन ग्रेड 1<br>(ईएसएम के लिए आरक्षित 1 पद सहित)</td><td>4</td><td>-</td><td>-</td><td>2</td><td>-</td><td>6</td></tr>
<tr><td>3</td><td>कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक</td><td>1</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>1</td></tr>
<tr><td>4</td><td>सहायक ग्रेड II<br>(ईएसएम के लिए आरक्षित 2 पद सहित)</td><td>11</td><td>1</td><td>2</td><td>2</td><td>7</td><td>23</td></tr>
<tr><td>5</td><td>सहायक पुस्तकाध्यक्ष</td><td>1</td><td>1</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>2</td></tr>
<tr><td colspan="7" align="right">कुल</td><td>44</td></tr>
</table>

**अना** - अनारक्षित, **अ पि व (एनसीएल)** - अन्य पिछडे वर्ग (गैर नवोन्नत वर्ग), **अनु ज जा** - अनुसूचित जनजाति, **अनु जा** - अनुसूचित जाति, **ई डब्ल्यू एस**- आर्थिक रूप से अशक्त वर्ग, **ईएसएम**- भूतपूर्व सैनिक।

**<u>टिप्पणी</u>** : रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और सीपीआरआई आवश्यकता के आधार पर पदों की संख्या में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है।

सीपीआरआई को पदों को भरने अथवा बिना कोई कारण बताए विज्ञापन को पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से रद्द करने का अधिकार है। सीपीआरआई को नियुक्त अभ्यर्थियों को भारत में कहीं भी स्थित अपने किसी भी कार्यालय में तैनात करने का भी अधिकार है।

**शैक्षिक योग्यता, अनुभव, शाखा और आयु:**

| क्रम सं. | पद का नाम | आवश्यक शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव | आयु सीमा (वर्ष) |
|---|---|---|---|
| 1 (ए) | **वैज्ञानिक सहायक**<br>पदों की अनंतिम संख्या<br>**4** | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री) में प्रथम श्रेणी में बीएससी के साथ 5 वर्षों का अनुभव । | **35** |
| 1(बी) | **इंजीनियरी सहायक**<br>शाखावार पदों की अनंतिम संख्या.<br>**इलेक्ट्रिकल - 4**<br>**सिविल - 4** | इलेक्ट्रिकल / सिविल में इंजीनियरी / प्रौद्योगिकी में प्रथम श्रेणी में 3 वर्षीय डिप्लोमा के साथ संगत क्षेत्र में 5 वर्षों का अनुभव । | **35** |
| **2** | **तकनीशियन ग्रेड 1** | इलेक्ट्रिकल में आईटीआई ट्रेड प्रमाणपत्र | **28** |
| **3** | **कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक** | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री जिसमें हिंदी और अंग्रेजी वैकल्पिक विषय के रूप में पढा हो। | **30** |
| **4** | **सहायक ग्रेड ॥** | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में बीए / बीएससी। / बी.कॉम/ बीबीए / बीबीएम / बीसीए की डिग्री तथा आवेदन की अंतिम तिथि पर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (एनआईईएलआईटी) द्वारा संचालित बेसिक कंप्यूटर कोर्स (बीसीसी) में कम से कम ग्रेड-बी। | **30** |
| **5** | **सहायक पुस्तकाध्यक्ष** | विश्वविद्यालय की डिग्री के साथ पुस्तकालय विज्ञान में डिप्लोमा। | **30** |

ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण के लिए निर्धारित अंतिम दिनांक अर्थात् **25.05.2025 (इस दिनांक सहित)** को यथा स्थिति उम्र ही ऊपरी आयु सीमा है। भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट दी गई है।

**वेतन संरचना तथा चयन प्रक्रिया:**

| **क्रम सं.** | **पदनाम** | **7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स में स्तर और वेतन** | **चयन प्रक्रिया** |
|---|---|---|---|
| **1(ए)** | **वैज्ञानिक सहायक** | स्तर - 6<br>रु. 35,400 – 1,12,400 | चयन, कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) तथा पद से संबंधित विशिष्ट व्यावहारिक कौशल परीक्षा पर आधारित होगा। |
| **1(बी)** | **इंजीनियरी सहायक** | स्तर - 6<br>रु. 35,400 – 1,12,400 | चयन, कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) और पद से संबंधित व्यावहारिक कौशल परीक्षा पर आधारित होगा। |
| **2** | **तकनीशियन ग्रेड 1** | स्तर - 2<br>रु. 19,900– 63,200 | चयन, कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) में प्रदर्शन पर आधारित होगा। अभ्यर्थियों को एक ट्रेड टेस्ट भी उत्तीर्ण करना होगा। |
| **3** | **कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक** | स्तर - 6<br>रु. 35,400 – 1,12,400 | चयन, कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) में प्रदर्शन पर आधारित होगा। |
| **4** | **सहायक ग्रेड II** | स्तर - 4<br>रु. 25,500 – 81100 | चयन, कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) में प्रदर्शन पर आधारित होगा। |
| **5** | **सहायक पुस्तकाध्यक्ष** | स्तर - 4<br>रु. 25,500 – 81,100 | चयन, कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) में प्रदर्शन पर आधारित होगा। |

अभ्यर्थियों का चयन पूरी तरह से एक स्वतंत्र सरकारी एजेंसी द्वारा आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) की अखिल भारतीय रैंक की योग्यता के आधार पर होगा।

सभी पदों के लिए परिवीक्षा प्रारंभ में 2 वर्ष की अवधि के लिए होगी। सभी पदों के लिए भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार सेवा लाभ और भत्ते प्राप्त होंगे।

**विज्ञापन सं.सीपीआरआई/06/2025**

**सामान्य नियम एवं शर्तें /महत्वपूर्ण निर्देश**

1. केवल वे भारतीय नागरिक, जो 18 वर्ष तथा उससे ऊपर की आयु प्राप्त कर चुके है, आवेदन भरने के पात्र हैं।
2. आवेदन भरने से पूर्व, उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि वे इस विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड और अन्य मानदंडों को पूरा करते हैं।
3. विज्ञापन में अधिसूचित रिक्तियों की संख्या चयन के समय वास्तविक आवश्यकता के आधार पर बदला जा सकता है तथा इसके अनुसार अधिसूचित आरक्षण भी बदल सकता है।
4. उम्मीदवारों को अद्यतन सूचनाओं के लिए सीपीआरआई वेबसाइट **https://cpri.res.in/** पर कड़ी नज़र रखने की सलाह दी जाती है। मोबाइल संख्या, ई मेल पता अथवा तकनीकी दोष या सीपीआरआई के नियंत्रण के परे कुछ कारणों से उम्मीदवारों को यदि सूचना/जानकारी न पहुँच पाए तो यह सीपीआरआई की जिम्मेदारी नहीं होगी।
5. पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन की विधि, विच्छेदक अंकों को निश्चित करने, कंप्यूटर आधारित एमसीक्यू परीक्षा/कौशल परीक्षा/व्यावसायिक कौशल परीक्षा के आयोजन से संबंधित सभी मामलों में सीपीआरआई का निर्णय अंतिम होगा तथा उम्मीदवार इनका पालन करने के लिए बाध्यकारी होंगे तथा उम्मीदवारों की ओर से किसी भी व्यक्ति या अभिकरण से इस संबंध में कोई जाँच अथवा पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करते समय वे कोई भी ऐसे ब्यौरे न प्रस्तुत करें जो असत्य हो, जिसमें हेर फेर की गई हो, गढ़ी हुई हो और किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को न छिपाएँ। यदि दुराचार/प्रतिरूपण/प्रचार/अनुचित साधनों के प्रयोग से वह दोषी पाया जाए तो उन्हें दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया/ कंप्यूटर आधारित एमसीक्यू परीक्षा/ कौशल परीक्षा आदि से निरर्ह किया जाएगा। यदि उम्मीदवार को आगे की प्रक्रिया के लिए विचार किया जाता है, जिनका विवरण/सूचना चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में असत्य पाया गया तो उनकी उम्मीदवारी तुरंत बिना किसी सूचना के समाप्त कर दी जाएगी।
7. किसी भी तरह का प्रचार उम्मीदवार की उम्मीदवारी को निरर्हता के लिए उत्तरदायी बना देगा।
8. सभी पदों की परीवीक्षा प्रारंभ में 2 वर्ष की अवधि के लिए होगी।
9. सभी पदों के लिए एनपीएस योगदान/छुट्टी/एलटीसी/चिकित्सा लाभ और भत्ते के सेवा लाभ भारत सरकार के मानदण्डों के अनुसार रहेंगे।
10. अंतिम क्षण की जल्दबाजी से बचने के लिए उम्मीदवारों को शीघ्र आवेदन भरने की सलाह दी जाती है। नेटवर्क समस्या अथवा किसी अन्य अंतिम क्षण की तकनीकी रुकावट के लिए सीपीआरआई उत्तरदायी नहीं होगा।

**ऑन लाइन आवेदन का पंजीकरण एवं प्रस्तुति**

1. पात्र उम्मीदवार केवल सीपीआरआई की ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से आवेदन जमा कर सकते हैं ।

2. वेबसाइट पर अपने आवेदनों को पंजीकृत करने एवं प्रस्तुत करने से पूर्व उम्मीदवार के पास निम्नलिखित होने चाहिए: -

   ए. मान्य स्वयं का ई-मेल आई डी एवं मोबाइल सं.

   बी.उम्मीदवार का अद्यतन पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो की स्कैन की गई प्रति।

   सी. उम्मीदवार का स्कैन किया हुआ हस्ताक्षर।

   डी. एसएसएलसी / एसएससी / मैट्रिक प्रमाणपत्र / डिग्री प्रमाणपत्र / डिप्लोमा/आईटीआई ट्रेड प्रमाणपत्र और मार्क कार्ड, अनुभव प्रमाणपत्र, एनआईईएलआईटी से बीसीसी प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, एनओसी, पूर्व सैनिक आईडी कार्ड/ डिस्चार्ज प्रमाणपत्र के स्कैन किए गए प्रतियां यथा लागू पीडीएफ प्रारूप में ।

3. **फोटोग्राफ** : ऑन-लाइन आवेदन में निर्धारित जगह पर हाल ही की एक रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो (तीन माह से अधिक पुरानी न हो) स्कैन कर अपलोड किया जाए।

4. **हस्ताक्षर:** ऑन लाइन आवेदन में निर्धारित जगह पर श्वेत पृष्ठभूमि पर (काली स्याही में) किए गए हस्ताक्षर को स्कैन कर अपलोड किया जाए। उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि अपलोड किया गया हस्ताक्षर सभी स्थानों पर एक समान रहें जैसे कि अपलोड किए गए हस्ताक्षर, कंप्यूटर आधारित एमसीक्यू परीक्षा की उपस्थिति शीट आदि। । यदि हस्ताक्षरों में कोई भिन्नता पाई जाती है तो उम्मीदवारी निरस्त हो सकती है। उम्मीदवार को सलाह दी जाती है कि वे स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाला/पहचाने जाने वाला हस्ताक्षर ही उपयुक्त स्थान पर अपलोड करें।

5. आवेदकों द्वारा ऑन लाइन आवेदन फार्म में दी गई सूचना के आधार पर आवेदनों की जाँच किए जाने के कारण यह आवश्यक है कि केवल सही, पूर्ण और सही जानकारी आवेदकों द्वारा प्रस्तुत की जाए। झूठी/गलत जानकारी प्रस्तुत करना निरर्हता मानी जाएगी तथा ऐसी झूठी/गलत सूचना पेश करने पर किसी भी परिणाम के लिए सीपीआरआई उत्तरदायी **नहीं** होगा।

6. आयु सीमा, शैक्षिक योग्यता, प्रमाणपत्र/प्रशंसापत्र, वर्ग (ओबीसी-एनसीएल/ईडब्ल्यूएस/ अनु जा/अनु जन जा),आदि के निर्धारण की तारीख ऑन लाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि अर्थात् **25.05.2025** होगी।

7. आरक्षित पदों के लिए निर्दिष्ट आरक्षण/ आयु में छूट केवल भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार लागू होगी ।

8. अनु जा/अनु जन जा/ ओबीसी/ ईडब्ल्यूएस के उम्मीदार आवेदन फार्म में अपने-अपने वर्ग को ध्यान से भरें। फार्म में एक बार वर्ग का उल्लेख किए जाने के बाद इसे किसी भी परिस्थिति में बदला **नहीं** जाएगा। इस संबंध में कोई भी गलत सूचना प्रस्तुत करने पर उम्मीदवारी को अयोग्य घोषित किया जा सकता है । उम्मीदवार को दस्तावेज सत्यापन के समय अपने दावे के समर्थन में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे।

9. ओबसी श्रेणी के लाभ का दावा करने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे भारत सरकार के तहत पदों पर नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार की अधिसूचना के अनुसार ओबीसी श्रेणी में आते हैं तथा क्रीमी लेयर में **नही** आते **है**। उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी से **नवीनतम** मान्य **ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर)** प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि उम्मीदवार सक्षम प्राधिकारी से प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ रहता है, तो उसकी उम्मीदवारी को अनारक्षित श्रेणी के रूप में माना जाएगा। **ईडब्ल्यूएस** (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) से संबंधित उम्मीदवारों को कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 31/01/2019 का कार्यालय ज्ञापन सं 36039/1/2019-स्था(आरक्षण) के अनुसार निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी **नवीनतम** मान्य ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र पेश करने की आवश्यकता है।

10. केंद्र/राज्य सरकार/अर्ध सरकारी कार्यालय/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/राज्य सरकार स्वायक्त निकायों जैसे सरकारी सेवा में पहले सी ही कार्यरत उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन जमा करने के समय संबंधित नियोक्ता से **अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी)** की प्रतिलिपि अपलोड करनी चाहिए ।

11. एक ही पद के लिए एक से अधिक आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा; और सभी आवेदनों को सरसरी तौर पर खारिज़ कर दिया जाएगा।

12. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन भरने वाले उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए निर्धारित आवेदन शुल्क और सभी अंकतालिकाओं, प्रमाण पत्र और प्रशंसापत्र की प्रतियों के साथ वर्ग और पद को इंगित करते हुए प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करना होगा ।

13. दोहरी अर्हता/विशिष्टताओं के मामले में उम्मीदवार दस्तावेज सत्यापन/व्यावसायिक कौशल परीक्षा/ कौशल परीक्षा के समय, यथा लागू और भर्ती के समय भी आवश्यक सबूत पेश करें कि उनकी प्रमुख विशिष्टता पद के लिए निर्धारित पात्रता मानदंड के अनुरूप है।

14. आवेदन सभी प्रकार से पूर्ण होना चाहिए; अपूर्ण आवेदन अस्वीकृत किया जाएगा। आनलाइन आवेदनों को अंतिम रूप से प्रस्तुत करने से पूर्व उम्मीदवार आवेदन की पूर्व जांच करें व सुनिश्चित करें कि उन्होंने सही सूचना दी हैं तथा **पद के लिए निर्धारित योग्यता के समर्थन में यथास्थिति फोटोग्राफ, नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) (सरकारी संगठन के मामले में), हस्ताक्षर, एसएसएलसी / एसएससी/ मेट्रिक मार्क्स कार्ड, डिग्री प्रमाणपत्र/ आईटीआई/ डिप्लोमा प्रमाण पत्र/ अनुभव प्रमाणपत्र/ जाति प्रमाणपत्र/ अनंतिम प्रमाणपत्र तथा निर्दिष्ट पदों के लिए यथा और विशिष्ट पदों के लिए निर्धारित अनुभव प्रमाणपत्र अपलोड किया है।** यह भी सुनिश्चित करें कि स्कैन किए तथा अपलोड किए गए दस्तावेज स्पष्ट है तथा धुँधला/ अस्पष्ट नहीं है। **निर्धारित सभी प्रासंगिक दस्तावेजों की प्रतियाँ अपलोड करने में असफल होने पर आवेदन अमान्य माना जाएगा तथा अस्वीकृत किया जाएगा।**

15. **शुल्क का भुगतानः** निर्धारित शुल्क के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा सरसरी तौर पर खारिज़ कर दिया जाएगा। ऐसी अस्वीकृति के विरुद्ध कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नही किया जाएगा ।

16. **आवेदन शुल्क (जीएसटी सहित):**

| | | |
|---|---|---|
| ए | वैज्ञानिक सहायक, इंजीनियरी सहायक. कनिष्ठ हिंदी अनुवादक | रु.1000/- प्रत्येक पद के लिए |
| बी | तकनीशियन ग्रेड.1, सहायक ग्रेड. II, सहायक पुस्तकाध्यक्ष | रु. 700/- प्रत्येक पद के लिए |

ए) **अनु जाति/अनु जन जाति/ पीडब्ल्यूबीडी/ भूत पूर्व सैनिकों/महिला** उम्मीदवारों को शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।

बी) एक बार ऑनलाइन आवेदन जमा करने के पश्चात सिस्टम एक पंजीकरण फॉर्म तैयार करेगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भविष्य के संदर्भ के लिए इसे अपने पास रखें।

17. आवेदन शुल्क के आनलाइन भुगतान के लिए वहन किया गया बैंक लेन देन शुल्क/ प्रसंस्करण शुल्क ,यदि कोई हो तो, उम्मीदवार को यह व्यय स्वयं वहन करना होगा।

18. अस्वीकरण - अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण किसी भी स्तर पर भर्ती रद्द होने की स्थिति में, सीपीआरआई केवल आवेदन शुल्क वापस करेगा, किंतु किसी भी परिस्थिति में उम्मीदवारों द्वारा किया गया कोई अन्य व्यय नहीं।

19. एक बार पंजीकृत ऑनलाइन आवेदनों को किसी भी परिस्थिति में वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा एक बार प्रदत्त आवेदन शुल्क की न तो धन वापसी की जाएगी और न ही किसी अन्य परीक्षा के लिए सुरक्षित रखी जाएगी।

20. कंप्यूटर आधारित एमसीक्यू परीक्षा /कौशल परीक्षा/ व्यावसायिक कौशल परीक्षा की अनुसूची सीपीआरआई की वेबसाइट https://cpri.res.in/ पर प्रदर्शित किया जाएगा।

**21. <u>महत्वपूर्ण तारीखें</u>**

(ए) आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का भुगतान:
-प्रारंभ **- 05.05.2025** (10.00 बजे)
-समापन **-25.05.2025** (05.00बजे)

(बी) विच्छेदक तिथि (शैक्षणिक योग्यता, ऊपरी आयु सीमा आदि) **-25.05.2025** (05.00 बजे)

22. कंप्यूटर आधारित एमसीक्यू परीक्षा / व्यावसायिक कौशल परीक्षा / कौशल परीक्षा के लिए स्थान का पता, तारीख और समय की सूचना प्रवेश कार्ड /कॉल लेटर में दी जाएगी। उम्मीदवार को अपने खर्च पर कंप्यूटर आधारित एमसीक्यू परीक्षा / व्यावसायिक कौशल परीक्षा / कौशल परीक्षा और दस्तावेज सत्यापन आदि के लिए उपस्थित होना पड़ेगा।

23.कंप्यूटर आधारित एमसीक्यू परीक्षा लेते समय उम्मीदवार को प्रवेश पत्र के साथ मूल फोटो पहचान पत्र सबूत पेश करना होगा। मूल फोटो पहचान पत्र और प्रवेश पत्र के बिना उम्मीदवारों को कंप्यूटर आधारित एमसीक्यू परीक्षा लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उम्मीदवार ध्यान रखें कि फोटो पहचान पत्र पर प्रदर्शित नाम पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान दिए गए नाम से वस्तुतः मेल खाएँ।

24. **परीक्षा केंद्र/शहर**: कोलकाता, बेंगलूरु, नागपुर, हैदराबाद, भोपाल, नोएडा/दिल्ली। उम्मीदवारों की पसंद के अनुसार परीक्षा केंद्र आवंटित करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा; हालांकि, सीपीआरआई को उनके द्वारा चुने गए केंद्र के अलावा किसी अन्य परीक्षा केंद्र/शहर को आवंटित करने का अधिकार है। परीक्षा के लिए केंद्र बदलने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

25.उम्मीदवारों को निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे :

दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया के समय अथवा सीपीआरआई द्वारा यथा अपेक्षित किसी भी उत्तरवर्ती चरण पर सत्यापन के लिए मूल प्रमाण-पत्र ।

**ए.** जन्म तिथि जैसे मैट्रिकुलेशन प्रमाण-पत्र / माध्यमिक स्कूल छोडने का प्रमाणपत्र / एसएससी/X कक्षा अंक पत्र ।

बी. उत्तीर्ण परीक्षा के सभी वर्षों / सेमिस्टरों की अंक तालिकाओं के साथ शैक्षणिक अर्हता प्रमाण पत्र।

सी. संबंधित संगठन द्वारा विधिवत् प्रमाणित अर्हता के बाद के अनुभव के तौर पर संगठन के पत्रशीर्ष में अनुभव/सेवा प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो तो ) जिसमें संभाले गए पद, सेवा अवधि, सकल वेतन, अनुभव का क्षेत्र का स्पष्ट उल्लेख हो ।

डी. सक्षम प्राधिकारी से निर्धारित भारत सरकार के फार्मेट में जाति/वर्ग प्रमाण-पत्र (अनु जा/अनु जन जा/अ पि व / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मामले में यथा लागू) ।

ई. भूतपूर्व सैनिकों के मामले में सेवा मुक्ति (डिस्चार्ज) प्रमाणपत्र और भूतपूर्व सैनिक आईडी कार्ड।

एफ. केन्द्रीय / राज्य सरकार / क्वासी सरकारी कार्यालयों / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों / सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों / स्वायत्त निकायों आदि में कार्यरत उम्मीदवारों के मामले में नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र।

यदि विज्ञापन के अंग्रेजी संस्करण और हिंदी संस्करण के बीच कोई अंतर पाया जाता है, **तो अंग्रेजी संस्करण को अंतिम माना जाएगा।**

टेलीफोन/मोबाइल/एसएमएस आदि पर कोई भी पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा। यदि कोई वास्तविक स्पष्टीकरण आवश्यक हो तो, केवल इस उद्देश्य के लिए प्रदान की गई ई-मेल आईडी “recruitment@cpri.in” पर भेजा जा सकता है। अन्य किसी भी माध्यम से की गई संप्रेषण पर विचार नहीं किया जाएगा।

****